## महत्वपूर्ण एवं खास

### शहरी पीएचसी सेंटरों में हो रहा कैंसर स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन

**रायगढ़।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के मार्गदर्शन में जिला रायगढ़ के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एनपीसीडीसीएस कार्यक्रम के अंतर्गत रामभांठा, इन्दिरा नगर, गांधी नगर में कैंसर स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कैंसर के लक्षण जैसे-लम्बे समय से मुंह के छाले, लाल चकते व घाव, निप्पलों के आकार में बदलाव, खून या अन्य स्त्राव होना, योनि से असामान्य स्त्राव घाव दर्द बदबू इत्यादि, असामान्य रूप से वजन घटना, बुखार, कमजोरी, निगलने में परेशानी, गले में गांठ, सूजन, खाँसी के दौरान खून आना, सामान्य से अधिक महावारी, स्तनों का असामान्य आकार सूजन, गांठ कड़ापन इनमें से कोई भी लक्षण होने पर 30 वर्ष से अधिक महिला/ पुरूष उक्त शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में आकर कैंप का लाभ ले सकते है तथा कैंप में उपस्थित डॉक्टरों से अपना उपचार करा सकते है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिये शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामभांठा में डॉ काकोली पटनायक तथा मेडिकल कालेज के डॉ. त्रिभुवन साहू, डॉ. अंजना तिवारी से संपर्क कर सकते है।

### विधानसभा का तेरहवां सत्र 7 से 25 मार्च तक : अपर कलेक्टर कुरूवंशी नोडल अधिकारी नियुक्त

**सक्षम प्राधिकारी के पुर्वानुमति के बिना अवकाश पर नहीं जायेंगे अधिकारी-कर्मचारी**

रायगढ़। छत्तीसगढ़ विधानसभा का तेरहवां सत्र 7 से 25 मार्च 2022 तक आहूत है। कलेक्टर श्री भीम सिंह ने उक्त सत्र में प्राप्त विधानसभा प्रश्नों का उत्तर तैयार कराकर निर्धारित समय-सीमा के भीतर शासन को उपलब्ध कराने हेतु अपर कलेक्टर श्री आर.ए.कुरूवंशी को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। उक्त अवधि में प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्नों/ध्यानाकर्षण सूचना के संबंध में त्वरित कार्यवाही सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में पदस्थ/कार्यरत समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से आदेशित किया गया है कि वे समक्ष प्राधिकारी के पूर्वानुमति के बिना न ही अवकाश पर रहेंगे और न ही मुख्यालय से बाहर रहेंगे। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

### मजदूर की मौत, आईआईटी के निर्माणाधीन कैम्पस में हुआ बड़ा हादसा

**भिलाई (आरएनएस)।** भिलाई आईआईटी के निर्माणाधीन कैम्पस कुटेलाभाठा में एक मजदूर की काम के दौरान मौत के मामले में पुलिस ने ठेकेदार और सुपरवाइजर के खिलाफ अपराध कायम किया है. मामले में पुलिस ने दोनों के खिलाफ धारा 288, 304 ए, 34 के तहत कार्रवाई की है. जेवरा-सिरसा पुलिस ने बताया कि हाईटेक अस्पताल सिक्योरिटी सुपरवाइजर कमल कुमार सिंह ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 17 फरवरी को आईआईटी भवन निर्माण के लिए ठेकेदार अबू कलाम शेख अकुशल मजदूर अबुल हुसैन (26 वर्ष) को लाया था. जिसे सुपरवाइजर यूनुस अली ने 3 फरवरी को ब्वायज हॉस्टल के निर्माण में लगाया था. काम करते समय अबुल हुसैन के गर्दन के पीछे लोहे का सेंट्रिंग गिरने से गंभीर चोट आई. उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाने तक उसकी मौत हो गई. खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर मर्ग कायम किया. जांच में पुलिस ने हामिजुद्दीन, जमाल आलजा, सुरुत जमाल, बसीर अहमद, बसीरउद्दीन और एलएण्डटी कंपनी के आईआईटी निर्माण कार्य कराने इंचार्ज सुप्रीत शेषु हेजमाड़ी का कथन दर्ज किया।

# आईआईटी बॉम्बे देगी आजीविका गतिविधियों के लिए तकनीकी विकास में सहयोग : टेक्निकल इनोवेशन और कैपेसिटी बिल्डिंग पर रहेगा फोकस

- ढोकरा शिल्प के लिए थ्री डी प्रिंटिंग मॉडल, बांस के एफएमसीजी प्रोडक्ट और और देशी रेशमी ताने तैयार करने पर होगा काम
- आईआईटी बाम्बे की 3 सदस्यीय टीम है जिले के दौरे पर,चल रहे कार्यों का कर रही अध्ययन



**रायगढ़।** भारत की अग्रणी इंजीनियरिंग संस्थान आईआईटी बॉम्बे जिले में संचालित विभिन्न आजीविका गतिविधियों को बेहतर बनाने तकनीकी सहयोग व कंसल्टेशन प्रदान करेंगी। जिसमें आईआईटी बॉम्बे प्रमुख रूप से इन गतिविधियों की प्रक्रिया को आसान करने तकनीक विकास में सहयोग देंगी। जिससे उत्पादों में विविधता हो, तैयार उत्पादों की गुणवत्ता बढ़े तथा लागत घटा कर लाभ बढाया जा सके। इसके साथ ही आजीविका गतिविधियों से जुड़ी महिलाओं को समुचित तकनीकी प्रशिक्षण व व्यवसायिक ट्रेनिग देने जैसे पहलुओं पर भी काम किया जाएगा। कलेक्टर भीम सिंह की पहल और सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल के मार्गदर्शन में यह नवाचार शुरू किया जा रहा है। इसके लिए आईआईटी बॉम्बे के सेण्टर फॉर टेक्नोलॉजी अल्टरनेटीव्स फॉर रूरल एरियाज की प्रोफेसर बकुल राव के नेतृत्व में 3 सदस्यीय एक टीम जिले के दौरे पर है। यहाँ वे गौठानों और ग्रामीण इलाकों में महिला समूहों के काम तथा स्थानीय परम्परागत उत्पादों को तैयार किये जाने का अध्ययन कर रही हैं।

आईआईटी बॉम्बे की टीम ने कलेक्टर भीम सिंह और सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल के साथ आजीविका संवर्धन से जुड़े विभागों के जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर जिले में संचालित विभिन्न गतिविधियों को तकनीकी रूप से बेहतर बनाने की संभावनाओं पर चर्चा की। जिसमें मुख्य रूप से बांस के उत्पाद से मजबूत व टिकाऊ फर्नीचर के साथ ही फास्ट मूविंग कंज्यूमर गुड्स श्रेणी के छोटे-छोटे उत्पाद जैसे पेपर क्लिप्स, सोप केस, वाटर बोतल आदि तैयार करना, जिससे बांस से अधिक से अधिक दैनिक जरूरतों वाले घरेलु उत्पाद तैयार कर इस विधा से जुड़े लोगों के लिए एक बड़ा बाजार तैयार किया जा सके। यह पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से भी एक महत्वपूर्ण पहल होगी। इसी प्रकार रेशम के कपड़े बनाने में जो धागे ताना-बाना में उपयोग होता है। उसमें बाना का धागा तो स्थानीय स्तर पर तैयार होता है। किन्तु मजबूत ताने के लिए अभी भी बुनकरों की निर्भरता विदेशी आयात पर है। ऐसे में रेशमी कपड़ों के लिए किफायती और मजबूत ताने को यहीं तैयार करने के लिए भी काम किया जायेगा। रायगढ़ जिला ढोकरा शिल्प कलाकृतियों के लिए भी प्रसिद्ध है। हालांकि इन कलाकृतियों को तैयार करने की प्रक्रिया लम्बी और जटिल है। 3 डी प्रिंटिंग तकनीक का सहारा लेकर इसे आसान बनाने पर भी चर्चा बैठक में हुई। जिससे कलाकृतियों को तैयार करने में लगने वाले समय और मेहनत को कम किया जा सके तथा तैयार उत्पादों की फिनिशिंग भी बढिय़ा हो। पैरा तथा गोबर से भी अलग-अलग प्रोडक्ट तैयार करने की संभावनाओं पर चर्चा की गई। आईआईटी बॉम्बे की टीम ने इस दौरान जमीनी स्तर गौठानों में जाकर वहां हो रहे काम को देखा। समूह की महिलाओं से बात की और उनके अनुभव जाने। कलेक्टर सिंह और सीईओ जिला पंचायत डॉ.मित्तल व संबंधित विभागीय अधिकारियों से भी फीडबैक लिया। जिसके आधार पर आजीविका गतिविधियों के संचालन हेतु टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और प्रभावी वर्किंग प्रोसेस के जोड़ से एक सस्टेनेबल और लाभप्रद मॉडल तैयार किया जा सके। गौठानों में भी उपलब्ध स्थान व संसाधनों का बेहतर उपयोग कर समूहों के लिए उसे ज्यादा फायदेमंद बनाया जा सके। इसके साथ ही यहाँ तैयार किये जा रहे उत्पादों की बेहतर पैकेजिंग व मार्केट लिंकेज की दिशा में भी टीम काम करेगी।

**रूरल डेवलपमेंट के लिए तकनीकी विकास का है लम्बा अनुभव**

आईआईटी बॉम्बे से पहुंची टीम सेण्टर फॉर टेक्नोलॉजी अल्टरनेटीव्स फॉर रूरल एरियाज में काम करती हैं। 3 सदस्यीय इस टीम में प्रोफेसर बकुल राव, प्रोफेसर सुषमा कुलकर्णी और यतिन दिवाकर शामिल हैं। टीम का ग्रामीण इलाकों में शिक्षा, हेल्थ, कृषि व जल संसाधन, महिला सशक्तिकरण, ग्रामीण आजीविका संवर्धन, स्किल डेवलपमेंट, कृषि वानिकी, क्षेत्रों में देश के विभिन्न प्रदेशों में काम करने का 20 वर्षों से अधिक का अनुभव रहा है। जिसमें प्रोजेक्ट की डिजाइनिंग, इवैल्यूएशन और मॉनिटरिंग करना तथा इसके लिए आवश्यक तकनीक व वर्किंग मॉडल्स के विकास में भी इनका योगदान रहा है।

## बाइक चोरी का आरोपी गिरफ्तार, लक्ष्मी हाईटस से हुई थी बाइक चोरी

- बिना कागजात बाइक बिक्री की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने दी दबिश, चोरी की बाइक बरामद



**रायगढ़।** दिनांक 18.02.2022 को थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर को उनके सक्रिय मुखबिर द्वारा सूचना दिया गया कि राजीवनगर कोतरारोड़ में रहने वाला मनोज साहू एक होण्डा CD 110 DREAM DLX बाइक कम कीमत और बिना कागजात के बेचने ग्राहक तलाश रहा है। सूचना पर कोतवाली प्रभारी द्वारा स्टाफ तस्दीकी के लिये राजीवनगर भेजा गया, जहां मनोज साहू से कोतवाली पुलिस स्टॉफ द्वारा बाइक के संबंध में कड़ी पूछताछ करने पर बाइक को फरवरी के पहले सप्ताह में लक्ष्मी हाईटस के पास से चोरी करना बताया। आरोपी के मेमोरेंडम पर होण्डा CD 110 DREAM DLX क्रमांक CG-13-W-1268 कीमती 15,000 रूपये चेचिस नं0 ME4JC673KG8087955 इं0नं0 JC67E82087170 रंग काला को जप्त किया गया। बाइक चोरी के संबंध में बाइक स्वामी जयेन्द्रदीप साहू निवासी लक्ष्मी हाइट्स वार्ड क्रमांक 4 थाना कोतवाली दिनांक 05.02.2022 को थाना कोतवाली में बाइक चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था जिस पर अप.क्र. 208/2022 धारा 379 IPC का अपराध पंजीबद्ध कर माल मुल्जिम की पतासाजी किया जा रहा था। आरोपी मनोज साहू पिता राजेश उम्र 25 साल निवासी राजीवनगर कोतरारोड़ थाना कोतवाली को आज बाइक चोरी के उपरोक्त अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

## दो दिनों में अवैध शराब के 130 मामलों में 220 लीटर शराब जब्त, अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर चलाया जा रहा विशेष अभियान

- 93 व्यक्तियों पर जुआ-सट्टा की हुई कार्रवाई, आरोपियों से नकद 61 हजार रुपए जब्त



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले के मार्गदर्शन पर जिले में अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर विशेष अभियान के तहत कार्रवाई की जा रही है। पिछले दो दिन दिनांक 16 एवं 17/02/2022 को जिले के विभिन्न थानाक्षेत्र अन्तर्गत की गई कार्रवाई में 130 व्यक्तियों पर अवैध शराब एक्ट की कार्रवाई की गई जिसमें 220 लीटर महुआ एवं देशी प्लेन व अंग्रेजी शराब की जप्ती की गई है।

विशेष अभियान" दौरान विभिन्न थानाक्षेत्र अन्तर्गत 33 व्यक्तियों को 52 पत्ती तास से जुआ खेलते पकड़ा गया जिसमें ₹15,550 की जप्ती जुआ फड एवं जुआरियों के पास से जप्त किया गया है। इन दो दिनों में सट्टा लिखने वाले 60 व्यक्तियों को ₹45,460 नकद एवं सट्टा पर्ची के साथ पकड़ा है जिन पर जुआ एक्ट की कार्रवाई की गई है। अभियान दौरान सबसे ज्यादा कार्रवाई थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में थाना कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत की गई है। कोतवाली पुलिस द्वारा 22 व्यक्तियों पर सट्टा पट्टी लिख्ते पकड़ा गया है वहीं 15 व्यक्तियों पर आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई है। एडिशनल एसपी लखन पटले द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर लगातार कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया गया है।

# ट्रक चालक से लूटपाट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- आरोपियों से लूट की रकम, मोबाइल सहित चाकू जब्त



**रायगढ़।** दिनांक 18.02.2022 को चौकी जूटमिल पुलिस द्वारा ट्रासंपोर्टनगर इर्शाद ढाबा के पास बीते रात ट्रक चालक से लूटपाट करने वाले दो आरोपियों को रिपोर्ट दर्ज के कुछ ही घंटों बाद पतासाजी कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों द्वारा दिनांक 17.02.2022 के रात्रि ट्रक चालक को चाकू दिखाकर उसका मोबाइल और नकदी रकम 3,000 रूपये की लूटकर भाग गये थे। अज्ञात आरोपियों के हुलिये की जानकारी लेकर महज कुछ घंटों में चौकी प्रभारी जूटमिल निरीक्षक उत्तम साहू दोनों आरोपियों को हिरासत में लेकर उनसे लूट की गई मोबाइल व नकदी एवं लोहे का कत्तानुमा चाकू की जप्ती की गई है। आज दोनों आरोपियों को लूटपाट के अपराध में गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

लूटपाट के संबंध में पीड़ित ट्रक चालक सिन्टु राय पिता बहादुर राय उम्र 22 वर्ष निवासी बृजराज नगर थाना बृजराज नगर जिला झारसुगडा (ओड़िशा) दिनांक 17.02.2022 के सुबह चौकी जूटमिल आकर चौकी प्रभारी टीआई उत्तम साहू को बताया कि ट्रक क्रमांक OD 23-F-3729 का चालक है। दिनांक 14.02.2022 को ट्रक में ओराघाट माइंस से आयरन पत्थर लोड कर बंजारी मंदिर के पीछे सिंगल प्लांट रायगढ़ आ रहा था कि दिनांक 17.02.2022 के 02:30 बजे रात्रि में ट्रासंपोर्टनगर इर्शाद ढाबा के पास ट्रक पंचर होने पर उतर कर चेक कर रहा था। उसी समय दो अज्ञात व्यक्ति ट्रांसपोर्ट नगर की ओर से पैदल आये। उसमें से एक व्यक्ति जो गुलाबी रंग का टी-शर्ट पहना था अपने हाथ में रखे चाकू को गर्दन में अड़ाकर जो कुछ है दे-दो कहकर धमकी दे रहा था। इतने में दूसरा लडका जो काला रंग का फुल टी-शर्ट पहना हुआ था। वह जबरजस्ती पहने हुए लोवर के जेब में रखे स्क्रीन टच मोबाईल मोटोरोला जी-9 पावर एवं नकदी रकम 3,000 रूपये लूट लिया और किसी को बतायेगा तो जान से मार देंगे कहकर दोनों भाग गये।

चौकी प्रभारी उत्तम साहू पीड़ित ट्रक ड्रायवर से दोनों आरोपियों के हुलिये की जानकारी लेकर पूछताछ करने पर ट्रक ड्रायवर सिन्टु राय बताया कि दोनों आरोपी आपस में आपस में एक दूसरे को आरीफ और अजय मेहर नाम से पुकार रहे थे। चौकी प्रभारी अपने स्टाफ एवं मुखबिरों से आरिफ और अजय मेहर नाम के व्यक्तियों की जानकारी जुटाने पर दोनों युवकों के बजरंग पारा निगम कॉलोनी के रहने वाले मोहम्मद आरिफ एवं अजय मेहर का होना पता चला। दोनों की गिरफ्तारी के लिये दबिश देकर दोनों को हिरासत में लेकर चौकी लाया गया, कड़ी पूछताछ करने पर दोनों बीते रात्रि ट्रांसपोर्टनगर के पास एक ट्रक ड्राइवर से मोबाइल व नकदी रकम ₹3000 लूटपाट करना स्वीकार किए। आरोपियों के मेमोरेंडम पर घटना में प्रयुक्त लोहे का कत्तानुमा चाकू, मोबाइल एवं नकदी रकम की जब्ती की गई है। चौकी स्टाफ द्वारा आरोपी (1) मोहम्मद आरिफ पिता स्वर्गीय मोहम्मद आसिफ उम्र 26 वर्ष निवासी बजरंग पारा निगम कॉलोनी एफ ब्लॉक क्वार्टर नंबर 29 चौकी जूटमिल (2) अजय मेहर पिता सुधराम मेहर उम्र 21 वर्ष निवासी बजरंग पारा निगम कॉलोनी बी ब्लॉक क्वार्टर नंबर 16 चौकी जूटमिल थाना कोतवाली को लूटपाट के 24 घंटे के भीतर मय लूट की मशरूका समेत गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है। सम्पूर्ण कार्रवाई में चौकी प्रभारी टीआई उत्तम साहू, आरक्षक बनारसी सिदार, सत्या यादव, जितेन्द्र दुबे, विनय तिवारी एवं हेमंत चन्द्रा की अहम भूमिका रही है।

## पुसौर के रनभांठा में अवैध शराब निर्माण कर रहे आरोपी से 35 लीटर महुआ शराब जब्त

- मौके पर रखे हुए 200 किलो महुआ पास को किया गया नष्ट



**रायगढ़।** पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीणा के दिशा निर्देशन एवं एडिशनल एसपी लखन पटले के मार्गदर्शन पर जिले में अवैध शराब, जुआ-सट्टा पर विशेष अभिशन के तहत कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम आज दिनांक 18.02.2022 को थाना प्रभारी पुसौर उप निरीक्षक गिरधारी साव द्वारा ग्राम रनभांठा में अवैध शराब भट्ठी पर महुआ शराब बनाये जाने की मुखबिर सूचना पर हमराह स्टाफ के साथ आज दिनांक 18.02.2022 को रेड कार्रवाई किया गया। मौके पर शराब बनवा रहे आरोपी नील सागर यादव पिता गुरूदेव यादव उम्र 21 वर्ष ग्राम रनभांठा थाना पुसौर को पकड़ा गया। आरोपी से पूछताछ पर अवैध बिक्री के लिये शराब बनाना स्वीकार किया जिसके कब्जे से 35 लीटर महुआ शराब की जप्ती की गई है। मौके पर बोरियों में शराब बनाने के लिये रखा हुआ करीब 200 किलो महुआ पास का पुसौर पुलिस टीम द्वारा नष्टीकरण किया गया है। थाना प्रभारी पुसौर द्वारा ग्राम रक्षा समिति के सदस्यों को इस प्रकार की गतिविधियों की सूचना तत्काल पुलिस को दिये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

## ग्राम जुर्डा के आयुष स्वास्थ्य शिविर में 392 मरीजों का हुआ नि:शुल्क इलाज

**रायगढ़।** आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में तथा कोविड-19 के जागरूकता अभियान के तहत विकासखण्ड रायगढ़ अन्तर्गत ग्राम जुर्डा में संचालक, आयुष रायपुर के दिशा-निर्देश एवं जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत के मार्गदर्शन में आज विकासखण्ड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता गुप्ता जिला पंचायत सदस्य के द्वारा किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती संगीता गुप्ता ने अपने उद्बोधन में शिविर स्थल पर वितरित होने वाले रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले काढ़ा के महत्व के विषय में लोगों को बताया। जन-जन तक आयुर्वेद, योग, होम्योपैथी एवं घरेलू चिकित्सा के लाभ को पहुँचाने के लिए इस शिविर में वातरोग, उदररोग, चर्मरोग, अर्श, मधुमेह, उच्च रक्तचाप, स्त्री रोग, नेत्र रोग, कर्ण रोग एवं गला संबंधित रोगों के 392 जिसमें आयुर्वेद से 289 एवं होम्योपैथी से 103 मरीजों का नि:शुल्क उपचार करते हुए औषधियां वितरित की गई। स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी विभिन्न प्रकार के पाम्पलेटों का वितरण भी शिविर स्थल पर किया गया।

इस अवसर पर जयप्रकाश प्रधान, सरपंच ग्राम पंचायतए जुर्डा सूरत पटेल, सरपंच ग्राम पंचायत लोईंग टीकाराम पटेल, पूर्व सरपंच ग्राम पंचायत जुर्डा तोषराम नायक, चूडामणी बारीक, गणमान्य नागरिक, ग्राम पंचायत बेलरिया तथा पुरुषोत्तम राठिया, गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इस दौरान आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारियों में डॉ.सुभाष चन्द्र झा, शिविर प्रभारी डॉ. हेमेंद्र सिदार, डॉ. नीतू देवांगन, डॉ. शेख सादिक, डॉ. विकास कुमार विक्रांत, डॉ.यू.आर. मोधिया एवं होम्योपैथी चिकित्सा अधिकारी डॉ.मुकेश साहू, विभागीय कर्मचारियों में हरिशंकर नायक, श्रीमती वृंदावती पटेल, भागवत प्रसाद पटेल, मुकेश नायक, हीरालाल, श्रीमती मालती महंत, रुपेश यादव, विश्वबंधु सोनी, सनथ कुमार, अक्षय कुमार एवं श्रीमती मीणा महंत तथा ग्राम पंचायत जुर्डा के सत्यजीत विद्या नंद पटेल उपस्थित रहे।

## जिले में 27 से पिलाई जायेगी 0 से 5 वर्ष तक के शिशुओं को पल्स पोलियो की खुराक

- 1,900 बूथों पर मिलेगी दो बूंद ज़िन्दगी की
- बीते साल की तुलना में 6,000 अधिक बच्चों का लक्ष्य



**रायगढ़।** राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का आयोजन जिले में 27 फरवरी 2022 को किया जाएगा। पहले दिन बूथ पर तथा 28 फरवरी से 01 मार्च, 2022 तक घर-घर जाकर शून्य से पांच वर्ष तक के लगभग 1.79 लाख बच्चों को पोलियों की दवा पिलाई जायेगी।

अधिकारीयों के अनुसार जिले में 1,79,414 बच्चों को पोलियो वैक्सीन की खुराक दी जाएगीजिसके लिए 1,890 पोलियो बूथ पर 3,780 कर्मचारी और 402 पर्यवेक्षक निर्धारित स्थान जैसे पीलियो बूथ, रेलवे स्टेशन, हाट बजार, बस स्टैण्ड आदि स्थानों पर बच्चों को दो बूंद जिंदगी की पिलाएंगे। रायगढ़ शहर में 133 बूथ, पांच ट्रांजिट टीम, पांच निजी बच्चों के अस्पताल, तीन पीएचसी और एक मेडिकल कालेज में पोलियो बूथ बनाए गए हैं। जिले से उक्त अभियान की सतत् निगरानी को प्रत्येक विकासखण्डों के लिए निगरानी दल का गठन किया गया है। दल के द्वारा 27 फरवरी को बूथ लेवल पर भ्रमण किया जाएगा तथा 28 फरवरी से 01 मार्च तक घर-घर भ्रमण कर अभियान की सतत् निगरानी की जाएगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एसएन केशरी और जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ भानू पटेल की देख-रेख में जिले की टीम अभियान को सफल बनाने के लिए भ्रमण करेगी।

स्वास्थ्य विभाग की शहरी क्षेत्र की सुपरवाइजर पुष्पलता पाणिग्रही बताती हैं उनकी तैयारी पूरी हो चुकी हैं। कोविड संक्रमण की तीसरी लहर खत्म हो जाने के बाद और इस टीकाकरण अभियान के शुरू होने में में 15 दिन का अंतर है। स्वास्थ्यकर्मी दोगुने जोश से इस बार पल्स पोडियो अभियान को सफल बनाने में मदद करेंगे। उन्होंने आमजनों से प्रशासन की ओर से अनुरोध किया कि वह अपने बच्चों का पोलियो बूथ पर जरूर भेंजे और दो बूंद जिंदगी की जरूर ग्रहण करने दें। शहरी क्षेत्र में 133 बूथ, 5 ट्रांजिट टीम, 5 निजी बच्चों के अस्पताल, 3 पीएचसी और एक मेडिकल कॉलेज में पोलियो बूथ बनाया गया है।

**कोविड टीकाकरण का मिलेगा लाभ-** विदित हो कि इस बार जिले में लक्षित बच्चों की तादाद में बढ़ोत्तरी हुई है। बीते साल जिले में 1.73 लाख से ज्यादा बच्चों को पल्स पोलियो की खुराक पिलाए जाने का लक्ष्य रखा गया था और इस साल 1.79 लाख से अधिक बच्चों को पोलियों की दवा दी जाएगी। इस तरह इस साल बच्चों की तादाद 6,000 से अधिक बढ़ी है। जिले की 18 साल से अधिक आबादी का कोविड टीकाकरण लगभग हो चुका है और 15-18 वर्ष के बच्चों का भी लगभग पूरा होने को आया है | ऐसे में स्वास्थ्य विभाग को उम्मीद है कि पल्स पोलियो टीकाकरण अभियान को अच्छा प्रतिसाद मिलेगा क्योंकि कोविड को लेकर लोगों में भय अपेक्षाकृत कम रहेगा।

**दूरस्थ अंचलों में ज्यादा फोकस-** टीकाकरण के बारे में जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस एन केशरी ने कहा, "अभिवाभाक बच्चों को पोलियो बूथ तक जरूर लाएं। केन्द्रों में बच्चों को पोलियो वैक्सीन की दो-दो बूंद पिलाने के लिए शासकीय कर्मचारियों और मितानिनों की तैनाती के साथ ,पल्स पोलियो के लिए मेला एवं बाजार स्थल तथा मोबाइल टीम टीकाकरण के जरिये भी खुराक की व्यवस्था की गई है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480